लाइव बैंड विद फन गेम्स..

जांस, लुधियाना : एमबीडी नियोपोलिस मॉल में खुले चॉकलेट बॉक्स एवं लाऊंज के तहत चल रहे तीन दिवसीय फेस्टिवल का समापन रविवार हो गया। अंतिम दिन मॉल में लाइव बैंड परफॉर्मेंस चली जिसने आने-जाने वालों को संगीत की धुनों से मंत्रमुग्ध किया। स्कोरिंग लाइव बैंड का प्रदर्शन मॉल में दो घंटे तक चला। इस मौके पर होने वाली फन गेम्स ने माहौल मजेदार बना दिया। स्पिन व्हील गेम, ब्लाइंड चॉकलेट टेस्टिंग गतिविधियों के जरिए कई गिफ्ट्स दिए गए।

वहीं लाइव बैंड के दौरान जिस का भी जन्मदिन रहा, वह मॉल में सेलिब्रेट किया गया। कई तरह के सरप्राइजिज इस शाम देखने को मिले। इससे पहले दो दिनों तचक जारी रहे फेस्टिवल में चॉकलेट थीम पर फैशन शो, ट्रेंडिएस्ट लिक्विड ड्रमिंग आयोजित की गई थी।

एमबीडी मॉल में आयोजित म्यूजिक लाइव प्रतियोगिता में भाग लेते युवा • जागरण